**खबर संक्षेप**

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ एवं समयसीमा मे निराकरण किया जाए। शिकायतों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में शिकायत अनअटेंडेड न रहे अधिकारी शिकायत को अटेन्ड करें तथा सतुष्टिपूर्वक शिकायत का निराकरण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने 50 दिवस एवं 100 दिवस से अधिक दिनों से लंबित शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश भी अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अवमानना प्रकरणों की भी जानकारी ली तथा अधिकारियो को निर्देश दिए कि अवमानना प्रकरणों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग,जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### मौत के मामले में डॉयरी अस्पताल से कोतवाली पहुंचने में लगे 7 दिन

# सुस्ती या मस्ती: दुर्घटना व मौत की डायरी रेंग कर पहुंचती है थाने

### पुलिस जांच के बाद स्पष्ट होगा दुर्घटना या हत्या

**शहडोल।** 10 मार्च की सुबह 8 बजे 65 साल की वृद्धा को पड़ोस का युवक अपनी कार के नीचे कुचल देता है, इसी दिन इलाज और रेफर के बाद वृद्धा की मौत होती है, परिजन पहले अंतिम क्रिया में व्यस्त थे, बाद में कोतवाली के चक्कर लगाते रहे, महज 01 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल से मर्ग की डॉयरी बकौल जांच अधिकारी सातवें दिन पहुंचती है। इसे पुलिस की सुस्ती या मस्ती या फिर मामला हत्या का हो तो, आरोपी को राहत, में से किसकी संज्ञा दी जाये।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती मार्ग में 10 मार्च की सुबह 8 बजे गोविंद विश्वकर्मा की वृद्ध मां मालती विश्वकर्मा सडक़ दुर्घटना का शिकार हो जाती है, इसी दिन जिला चिकित्सालय में भर्ती और रेफर के बाद उसकी मौत भी हो जाती है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में चिकित्सक और परिजन बताते हैं कि जिस तरह दुर्घटना हुई है, उससे पसली की हड्डियां कई हिस्सों में टूट गई थी, कोहनी और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटे आई, जो मौत का कारण बनी, 10 मार्च की सुबह ही 09 बजे के आस-पास वृद्धा को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, चौकी पुलिस ने एमएलसी व तहरीर को संज्ञान में लिया, पोस्टमार्टम के बाद गंभीर दुर्घटना, हत्या, हिट एण्ड रन या ऐसे किसी एक मामले को कितनी गंभीरता से लिया यह तो वही जाने, लेकिन 10 मार्च की घटना और मर्ग की डॉयरी बकौल पुलिस अधिकारी 16 मार्च को कोतवाली पहुंची। इस दौरान परिजन आरोपी को गिरफ्तार करने और उस पर हत्या के आरोप लगाते रहे।

### यह हुआ 10 मार्च को

मृतिका मालती विश्वकर्मा के पुत्र गोविंद विश्वकर्मा ने बताया कि सिल्वर रंग की बलिनो क्रमांक एमपी 18 सीए 3981 से हादसा हुआ था, यह कार विजय कुमार बुनकर के नाम पर है, जिसे संतू उर्फ संतोष बुनकर चला रहा था, जिसने दुर्घटना कारित की, प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि गाड़ी बहुत तेज थी और सडक़ के किनारे सब्जी लेने के लिए निकली वृद्धा को पहले ठोकर मारी, जिससे वह सडक़ पर औंधे मुंह गिर गई, फिर उसके ऊपर कार चढ़ा दी गई, लगभग 100 मीटर तक वृद्धा को सडक़ पर घसीटते हुए कार आगे ले गई, लोगों की भीड़ लगी और कार को रूकवा कर गाड़ी ऊपर करने के बाद वृद्धा को नीचे से निकाला गया, संतू उर्फ संतोष मौका पाकर भाग गया था, अन्य लोगों ने ही उसी गाड़ी में ही वृद्धा को लाकर अस्पताल में भर्ती कराया था, यहां से अपोलो अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन वेंकटनगर के आगे उसकी मौत हो गई, वापस जिला चिकित्सालय लाकर पोस्ट मार्टम व अन्य प्रक्रिया कराई गई।





### यह कह रहे पीड़ित

मृतिका के पुत्र व अन्य परिजनों का कहना है कि बीते दिनों कोतवाली में संपर्क करने पर यह जानकारी मिली कि उमेश तिवारी मामले की जांच कर रहे हैं, लेकिन कई बार जाने के बाद भी व्यस्तताओं के कारण उमेश से मुलाकात नहीं हो पा रही है, जिस तरह दुर्घटना कारित हुई है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह जानबूझकर किया गया है। ठोकर लगना दुर्घटना हो सकती है, लेकिन घायल को 100 मीटर तक घसीटना हत्या के संकेत हैं। इतना गंभीर मामला होने के बाद भी आरोपी को न तो गिरफ्तार किया गया है न गाड़ी को कोतवाली लाया गया, ऐसी स्थिति में आरोपी कब फरार हो जाये और पुलिस हाथ मलती रह जाये।

### 1 किलोमीटर और रेंगती डॉयरी

10 मार्च को दुर्घटना और उसी दिन मौत होने के उपरांत कोतवाली पुलिस इस मामले में अभी तक जांच को एक कदम आगे नहीं बढ़ा पाई है, जांच व विवेचना के दौरान यदि मामला हत्या का होता हैं तो, आरोपी को बचाव या भागने के लिए यह समय काफी होगा। इस संदर्भ में मामले के पहले विवेचक उमेश तिवारी ने बताया कि आशा राम ने डॉयरी को बीते दिवस ही प्रभारी के संज्ञान में लाया है, इस मामले में आशा राम कहते हैं कि कल ही डॉयरी कोतवाली पहुंची है, इसकी जांच माया राम को दी जा चुकी है, सवाल यह उठता है कि गंभीर दुर्घटना, हिट एण्ड रन या हत्या जैसे मौत के मामले में पुलिस की डॉयरी अस्पताल चौकी से कोतवाली पहुंचने में 7 दिन लगा देती है, जब एक किलोमीटर दूर स्थित कोतवाली में डॉयरी पहुंचने की यह स्थिति है तो, सुदूर थानों में अस्पताल चौकी से डॉयरी किस सुस्ती और मस्ती से पहुंचती होगी।

## एनएच-43 पर सरफा पुल बना ब्लैक स्पॉट



शहडोल। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 में शहडोल से लेकर अनूपपुर के बीच लगातार हादसे हो रहे हैं, कई स्थानों को ब्लैक स्पॉट के नाम पर चिन्हित किया गया है, लेकिन एनएचआई या स्थानीय निकायों के साथ ही जिला प्रशासन उन ब्लैक स्पॉटों पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई खास प्रयास नहीं कर रहा है, जिस कारण लगातार दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। शहडोल में मेडिकल कॉलेज चौराहे के बाद कंचनपुर स्थित सरफा पुल एवं जैतपुर चौराहे के अलावा सोन नदी बटुरा पुल ऐसे स्थान हैं, जहां हर सप्ताह-10 दिन में दुर्घटनाएं लगातार हो रही है। रविवार और सोमवार को लगातार सरफा पुल के ऊपर दो सडक़ दुर्घटनाएं हुई, यह स्थान बुढ़ार और सोहागपुर थाने का बार्डर होने के कारण भी आम नागरिकों और घायलों की मदद में लगे लोगों को थाना क्षेत्र को लेकर असमंजस की स्थिति निर्मित करता है।

### दो दिन-दो दुर्घटनाएं

रविवार और सोमवार को लगातार दोनों दिन सरफा नदी एनएच-43 पर सडक़ दुर्घटना हुई, रविवार को शहडोल से बुढ़ार की ओर जा रही ट्रक क्रमांक एमपी 17 एनएच 1791 सामने आ रहे दो पहिया वाहन चालक को बचाने के फेर में पलट गई, बताया गया कि ट्रक तेज गति से बुढ़ार की ओर जा रहा था, उसी दौरान यह हादसा हुआ, ट्रक सामने से पुल के बैरीकेट से टकरा गई और ट्रक के सामने के हिस्से के परखच्चे हवा में उड़ते हुए नीचे जा गिरे, वहीं दूसरा हादसा सोमवार की दोपहर 2 बजे के आस-पास हुआ, यहां बुढ़ार के जैतपुर चौराहा निवासी विनोद गुप्ता के दो पहिया वाहन की भिडंत सामने से आ रहे कंचनपुर के सत्यम पटेल व अतुल पटेल से हो गई, दोनों बाईकों के परखच्चे उड़ गये और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, मौके पर पहुंची बुढ़ार पुलिस और रिलायंस के कर्मचारियों ने मदद के हाथ बढ़ाये और घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

## अनाथ एवं निराश्रित बच्चों को एसईसीएल ने किया लाभान्वित

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थिति में कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ या एकल माता या पिता को खोने वाले देखरेख एवं संरक्षण की श्रेणी के बच्चों को लाभान्वित किये जाने हेतु बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि जिले अन्तर्गत इच्छुक औद्योगिक इकाई / संस्थान एसईसीएल सोहागपुर के द्वारा परिक्षेत्रान्तर्गत बालकों का चिन्हिांकन किया गया था। म.प्र. बाल प्रायोजन दिशा निर्देश 2020 एवं मिशन वात्सल्य के दिशा-निर्देशानुसार निजी बाल प्रयोजन पालन-पोषण प्रर्वतकता कार्यक्रम (निजी स्पॉसरशिप योजना) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में एसईसीएल सोहागपुर द्वारा 15 बालकों के पालन पोषण, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य विकासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु परियोजना प्रस्ताव अल्पावधि न्यूनतम एक वर्ष की कुल राशि 3,60,000 रुपये की स्वीकृति उपरान्त 2000/- रुपये प्रतिबालक प्रतिमाह के मान से एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में उक्त श्रेणी अन्तर्गत 20 बालकों को मिशन वात्सल्य के नवीन मापदण्ड अनुसार परियोजना की कुल राशि 9,60,000 रुपये की स्वीकृति उपरान्त 4000/- रुपये प्रतिबालक प्रतिमाह के मान से मासिक बालहितग्राही एवं संरक्षक के संयुक्त बैंक खाते में अल्पावधि न्यूनतम एक वर्ष की राशि इण्डियन रेडकास सोसायटी के माध्यम से प्रदायित की जा चुकी है।

## अमेरिका तक शहडोल के मिनी ब्राजील की गूंज

### प्रधानमंत्री ने अमेरिकन पॉडकास्ट में बताया शहडोल में बसा मिनी ब्राजील



शहडोल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकन पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ विस्तार से बातचीत की, जिसमें उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के दौरे की स्मृतियों को साझा करते हुए पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने शहडोल जिले के जनजातीय बाहुल्य गांव विचारपुर की चर्चा की, जिसे मिनी ब्राजील के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि शहडोल जिले की यात्रा में उन्हें उस जगह के बारे में पता चला, जहां के निवासियों में फुटबॉल के प्रति अटूट प्रेम है और वे अपने क्षेत्र को मिनी ब्राजील कहते हैं। अमेरिकन पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने कहा हमारे यहां सेंट्रल पार्ट ऑफ इंडिया में मध्य प्रदेश एक स्टेट है, वहां शहडोल एक जिला है, शहडोल जिला बहुत बड़ा ट्राइबल बेल्ट है, जहां काफी ट्राइबल लोग रहते हैं वहां ट्राइबल महिलाएं स्व सहायता समूह चलती हैं।

**चार-चार पीढ़ी से लोग फुटबॉल खेल रहे** प्रधानमंत्री ने शहडोल जिले के भ्रमण की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि उनसे मैं बातचीत कर रहा था, उनसे बातचीत करना मुझे पसंद आता है, मैं ऐसे ही लोगों से बातचीत करने और उनसे मिलने शहडोल गया था, वहीं पर मैंने देखा कि स्पोर्ट्स की ड्रेस पहने हुए वहां 80 से 100 के करीब नौजवान, छोटे बच्चे, सभी लोग एक ही प्रकार से बैठे थे, स्वाभाविक है मैं उनके पास गया, मैंने पूछा कि आप लोग कहां से हैं, तो सभी ने कहा कि हम मिनी ब्राजील से हैं। मैंने खिलाड़ियों से पूंछा कि मिनी ब्राजील क्या है? तो खिलाड़ियों ने जवाब दिया कि हमारे गांव विचारपुर को लोग मिनी ब्राजील कहते हैं, तो मैंने बोला कैसे मिनी ब्राजील कहते हैं? तो खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे गांव में हर परिवार में लगभग चार-चार पीढ़ी से लोग फुटबॉल खेलते आ रहे हैं और नेशनल प्लेयर 80 के करीब हमारे गांव से निकले हैं, पूरा गांव फुटबॉल को समर्पित है और वो कहते हैं कि हमारे गांव का इंडिविजुअल मैच जब होता है, तो 20 से 25 हजार दर्शक तो आस-पास के गांव से ही आ जाते हैं, तो भारत में जो फुटबॉल का क्रेज इन दिनों बढ़ रहा है, मैं उसके लिए इसे शुभ संकेत मानता हूं, यह टीम स्पिरिट भी पैदा करता है।

**खिलाड़ियों का किया था उत्साहवर्धन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 जुलाई 2023 को शहडोल जिले के प्रवास पर आए थें। प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने स्व- सहायता समूह की महिला सदस्यों और शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति के खिलाड़ियों से मिलकर महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं और फुटबाल खिलाड़ियों से चर्चा कर उत्साहवर्धन किया था। उल्लेखनीय है कि शहडोल संभाग में फुटबाल को प्रोत्साहित करने के लिए संभाग के पूर्व कमिश्नर राजीव शर्मा की पहल पर फुटबाल खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किये गए है, जिसके अपेक्षित परिणाम मिल रहे है।

## चोरों ने घर में लगाई सेंध, लाखों के जेवरात पार

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के यातायात थाना के समीप सूने घर में दिनदहाड़े लाखों रुपए की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। चोरों ने कृष्ण भगवान की मूर्ती भी चोरी कर ली है। परिवार उज्जैन गया था, चौकीदार घर में सोता था, सोमवार की सुबह चौकीदार घर में ताला लगाकर गया और परिवार कुछ देर बाद लौट कर घर पहुंचा तो घर का दरवाजा टूटा हुआ था। घर में रखा सामान बिखरा पड़ा था, सोने-चांदी के जेवरात एवं नगद लेकर चोर फरार हो चुके थे। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है, मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोहागपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 के रहने वाले सुजीत शुरी के घर यह चोरी की वारदात हुई है। पीड़ित ने बताया कि वह परिवार के साथ 13 मार्च को उज्जैन बाबा महाकाल के दर्शन करने गया हुआ था और सोमवार को उन्हें वापस लौटना था। परिवार जब घर से उज्जैन गया तो एक चौकीदार को उन्होंने घर में सोने के लिए लगाया हुआ था। जो चौकीदार प्रतिदिन रात में सोता था और सुबह अपने घर चला जाता था। शिकायतकर्ता सुजीत ने यह भी बताया कि सोमवार को चौकीदार सुबह 11 बजे घर में ताला लगाकर चला गया, क्योंकि उससे हमारी बात हुई थी कि हम कुछ घंटे के अंदर घर पहुंच रहे हैं। 01 बजे परिवार घर पहुंचा तो, घर के सामने लगा लोहे के दरवाजे में ताला टूटा हुआ था, अंदर लकड़ी का दरवाजा टूटा था, परिवार जब घर के अंदर कमरे में घुसा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था और घर के अंदर रखी अलमारी के लॉकर से सोने-चांदी के जेवर एवं नगद रुपए चोरी हो चुके थे। चोरों ने घर के अंदर स्थापित भगवान कृष्ण की प्रतिमा को भी अपने साथ ले गए है। दिनदहाड़े 2 घंटे में यह चोरी की वारदात हुई है। दिनदहाड़े हुई चोरी की इस वारदात में लगभग 5 लाख रुपए का जेवर एवं नगद रुपए लेकर कर चोर फरार हो गए हैं। घटना की जानकारी परिवार ने सोहागपुर पुलिस को दी है। जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच पड़ताल कर रही है।

**इनका कहना है...**

मामले की जानकारी मिली है, टीम मौके पर पहुंच जांच कर रही है।

**भूपेंद्र मणि पांडे**
**थाना प्रभारी, सोहागपुर**

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम PRAB-HAKER RAM TRIPATHI (प्रभाकर राम त्रिपाठी) था जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम PRABHAKAR RAM TRIPATHI (प्रभाकर राम त्रिपाठी) कर लिया है। मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम PRABHAKAR RAM TRIPATHI (प्रभाकर राम त्रिपाठी) ही दर्ज है, जो की सही व सत्य है। अत: भविष्य में मुझे मेरे नए और सही नाम PRABHAKAR RAM TRIPATHI के नाम से जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जावे।

प्रभाकर राम त्रिपाठी, आत्मज स्व. पुरुषोत्तम राम त्रिपाठी महाप्रबंधक आवास, स्थान- जमुना कॉलरी, पोस्ट जमुना कॉलरी, जिला अनूपपुर-484444 (म. प्र.) मोबा. 731948 3151

**कार्यालय ग्राम पंचायत बांसा, जनपद पंचायत जयसिंहनगर जिला शहडोल (म.प्र.)**

क्र-/ग्राम पंचायत/तेन्दूपत्ता/2025/55 अजय सिंह कंवर (सरपंच) मोबा. 9301395565 रामदेव बैगा (सचिव) मोबा. 7067287184 बांसा दिनाँक -12/03/2025

**वर्ष 2025 में ग्राम सभाओं के अन्तर्गत संग्रहित होने वाले तेन्दुपत्ता के अग्रिम विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण का सूचना / सारांश**

ग्रामसभा बांसा की बैठक दिनांक 02/10/2024 के पारित संकल्पों के आधार पर ग्रामसभा बांसा के विभिन्न फड़ों में वर्ष 2025 के तेन्दूपत्ता संग्रहण की बिक्री के लिये ग्राम पंचायत बांसा को निविदा आमंत्रण हेतु प्रदत्त शक्तियों के परिपालन में पात्र निविदाकारों / क्रेताओं से ऑफलाईन / ऑनलाइन निविदा आमंत्रित किये जाते है। निविदा की जानकारी निम्नानुसार है :-

सारणी- " अ "

| क्र. | ग्रामसभा का नाम | ग्रामसभा अन्तर्गत संचालित फड़ों का नाम/क्रमाँक | वर्ष 2023 के पूर्व मे सम्मिलित वनोपज समिति का नाम | वर्ष 2024 में संग्रहित तेन्दुपत्ता की मात्रा (मानक बोरा में) | वर्ष 2025 में संग्रहित होने वाले तेन्दुपत्ता की अनु. मात्रा / लक्ष्य (मानक बोरा में) | ग्रामसभा के खाता का नाम | खाता क्रमाँक एवं IFSC | ग्रामसभा का GST नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बांसा | बांसा | टेटका उत्तर वन मंडल शहडोल | 208 मानक बोरा | 220 मानक बोरा | ग्रामसभा निधि बांसा | 41637756195 SBIN0005497 | 23IGNPB7 843B1ZI |
| 2 | बांसा | मूंडाटोला | टेटका उत्तर वन मंडल शहडोल | 205 मानक बोरा | 218 मानक बोरा | ग्रामसभा निधि बांसा | 41637756195 SBIN0005497 | 23IGNPB7 843B1ZI |
| 3 | बांसा | तेन्दुहा | टेटका उत्तर वन मंडल शहडोल | 188 मानक बोरा | 200 मानक बोरा | ग्रामसभा निधि बांसा | 41637756195 SBIN0005497 | 23IGNPB7 843B1ZI |

उपरोक्तानुसार ग्राम सभा के तीनों फड़ों से वर्ष 2025 के संग्रहित तेन्दूपत्ता के क्रय हेतु इच्छुक निविदाकार / क्रेता दिनांक 12/03/2025 से दिनांक 27/03/ 2025 तक समय 03 बजे अपरान्ह तक ऑफलाईन स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से या सील बन्द लिफाफे में रजिस्टर्ड डाक द्वारा " सरपंच / सचिव ग्राम पंचायत बांसा, पोस्ट ऑफिस बांसा, ज०प० जयसिंहनगर, जिला शहडोल (म.प्र.) पिनकोड 484771" पते पर कार्यालय ग्राम पंचायत बांसा में जमा कर सकते हैं अथवा लिंक https://forms.gle/oBkTc4qCZ3vKEGmp9 पर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जाएगा। निविदा की विस्तृत जानकारी, नियम तथा शर्ते ग्राम पंचायत की वेबसाइट https://gpofficebansa.blogspot.com/2025/03/tendupatta-nivida-2025.html पर उपलब्ध है। दिनांक 27/03/2025 को शायं 04 बजे प्राप्त निविदाओं को ग्रामसभा के वन संसाधन एवं नियंत्रण समिति के अध्यक्ष / सदस्यों तथा मौके पर उपस्थित निविदाकारों / क्रेताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पूर्ण पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा खोली जाएगी। उच्चतम दर के निविदाकार / क्रेता के फर्म को वर्ष 2025 में तेन्दूपत्ता क्रय हेतु पात्र मानकर अनुबंध निष्पादित करने की कार्यवाही की जाएगी।

**पात्रता एवं शर्तें:-** 1. निविदा हेतु वर्ष 2024 के लिये तेन्दूपत्ता विनिमार्ता / व्यापारी / क्रेता निविदाकार का म.प्र. के किसी वनमण्डल (सामान्य) में पंजीयन होना आवश्यक है। 2. निविदा आवेदन ग्राम सभा हेतु एक ही स्वीकार्य होगें ग्राम सभा के तीनों फड़ों के क्रय दर एक ही समान दर मान्य किये जाएंगे। 3. प्रत्येक ग्रामसभा के आवेदन-पत्र के साथ किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से रुपए 15 हजार का सावधि जमा (F.D.R.) नामें "ग्रामसभा निधि बांसा" के नाम से बनवाकर अथवा सारणी "अ" के कॉलम 2 मे अंकित ग्रामसभा के सम्मुख कॉलम 7 व 8 मे दर्ज बैंक खाता में नगद या डिजिटल / UPI भुगतान कर जमा रसीद की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। 4. निविदा आवेदन यदि ग्रामसभा के लिये एक ही विनिमार्ता / व्यापारी / क्रेता निविदाकार आवेदन करता है तो ग्रामसभा के लिये एक ही आवेदन-पत्र में उल्लेखित कर एक ही लिफाफे में निविदा आवेदन-पत्र जमा किये जा सकतें है। व शर्ते ग्राम सभा के लिये रुपएं 15 हजार का सावधि जमा (F.D.R.) अथवा नगद या डिजिटल /UPI भुगतान के जमा रसीद की प्रतियां अलग-अलग संलग्न करना अनिवार्य होगा। 5. उच्चतम दर के क्रेता को सफल निविदाकार माना जाएगा। 6. सफल निविदाकार को निर्धारित प्रारूप में ग्रामसभा अध्यक्ष / सचिव के साथ करारनामा करना अनिवार्य होगा। 7. क्रेता द्वारा देय राशि का भुगतान प्रथम किस्त की राशि लक्ष्य का 50 प्रतिशत 01/05/2025 से 20/05/2025 तक तथा शेष राशि तेन्दूपत्ता का पूर्ण उठाव के पूर्व अर्थात 05/06/2025 से 30/06/2025 तक जमा करना अनिवार्य होगा। 8. खरीदी गयी तेन्दूपत्ता खरीदी दिनांक के दूसरे दिन सुबह 10:00 बजे तक फड़ मुंशी से क्रेता / क्रेता के प्रतिनिधि द्वारा अपने आधिपत्त में लेकर परिदान की पावती देना अनिवार्य होगा। 9. शर्तो में परिवर्तन, परिवर्धन एवं संशोधन का अधिकार ग्राम पंचायत / ग्रामसभा की वन संसाधन नियंत्रण समिति के पास सुरक्षित है। 10. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र का अधिकार जयसिंहनगर न्यायालय होगा।

**निविदा आवेदन - पत्र का प्रारूप :-**

प्रति,
सरपंच / सचिव
ग्राम पंचायत बांसा, जनपद पंचायत जयसिंहनगर जिला शहडोल (म.प्र.)
विषय :- वर्ष 2025 में तेन्दूपत्ता संग्रहण क्रय हेतु प्रस्ताव का सम्प्रेषण।
सन्दर्भ :- आपके कार्यालयीन निविदा आमंत्रण सूचना पत्र क्र- / ग्राम पंचायत / तेन्दूपत्ता / 2025 / 55 बांसा दिनांक- 12/03/2025 के सन्दर्भ में।

विषयांतर्गत आपके सन्दर्भित आमंत्रण सूचना - पत्र के माध्यम से वर्ष 2025 में तेन्दूपत्ता संग्रहण के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किये गये है, मेरी / हमारी फर्म द्वारा निम्नानुसार दर पर आपकी ग्रामसभा / ग्रामसभाओं से तेन्दूपत्ता क्रय हेतु सहमति / प्रस्ताव प्रेषित है।

1. आवेदक फर्म / संस्था का नाम:-.....................................
2. आवेदक फर्म / संस्था के संचालक का पता:-.....................................
3. विवरण -

| क्रमांक | ग्रामसभा का नाम | फड़ का नाम एवं क्रमांक | क्रय हेतु प्रस्तावित दर (प्रति मानक बोरा में) |
|---|---|---|---|
| | | | |

संलग्न दस्तावेज- हस्ताक्षर / सील

नोट :- निविदा आवेदन पत्र पृष्ठ क्रमांक 02 पर दर्शायें गये प्रारूप में भरकर ग्रामसभा के लिये डिमाण्ड ड्राफ्ट (D.D.) सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर सीलबंद लिफाफे में नियत दिनांक तक निम्नानुसार पते में भेजे जा सकते है। सरपंच / सचिव ग्राम पंचायत बांसा, पोस्ट ऑफिस बांसा, व्हाया जयसिंहनगर, जिला शहडोल (म.प्र.) पिन कोड - 484771

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये निम्नानुसार फोन नम्बर / व्हाटसएप नम्बर पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है:- (1) अजय सिंह कंवर (सरपंच) मो. 9301395565 (2) रामदेव बैगा (सचिव) मो. 7067287184 (3) नीरज तिवारी (सहायक सचिव) मो. 7999584200

सचिव
ग्राम पंचायत बाँसा
जनपद पंचायत जयसिंहनगर जिला - शहडोल (म. प्र.)

सरपंच
ग्राम पंचायत बाँसा
जनपद पंचायत जयसिंहनगर जिला - शहडोल (म. प्र.)



## खबर संक्षेप

### 70 वर्षीय वृद्ध महिला पर लगे मारपीट के आरोप

**कोतमा।** थाना अंतर्गत पंचखुरा गांव में रहने वाली एक 70 वर्षीय महिला के खिलाफ ही मारपीट किए जाने को लेकर 40 वर्षीय व्यक्ति भुवनेश्वर के द्वारा आरोप लगाए जाने का आश्चर्य जनक मामला सामने आया है। बताया जाता है कि गांव में रहने वाले भुवनेश्वर के अनुसार 70 वर्षीय महिला द्वारा जमीनी विवाद को लेकर रंजिश रखती है। जिसको लेकर गालियां देकर मारपीट करने व धमकाए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस द्वारा भी शिकायत पर सकते में आ गई। दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

### महिला की गरिमा धूमिल करने पर शिकायत दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत 26 वर्षीय महिला के मोबाइल फोन पर अज्ञात शख्स के द्वारा फेसबुक एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से आपत्तिजनक फोटो को अपलोड करते हुए महिला की गरिमा के विपरीत टिप्पणी कर छवि धूमिल करने एवं बदनाम करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्काल फोटो एवं कमेंट को डिलीट करने की कार्रवाई शुरू करते हुए भेजे जाने वाले शख्स की पहचान करने एवं तलाश में जुट गई है।

### कटा फटा नोट देने का विवाद पहुंचा थाने

**कोतमा।** कोतमा थाना अंतर्गत बुढ़ानपुर गांव में रहने वाले संतोष 46 के द्वारा गांव के ही एक दुकानदार के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी को लेकर शिकायत दर्ज कराया गया है। बताया जाता है कि दुकान से सामान लेने के बाद नोट वापसी के दौरान कटा फटा नोट देने को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद दुकानदार के द्वारा मारपीट किए जाने के आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

### सर्व स्वर्णकार सामाजिक उत्थान महिला समिति ने नियुक्त किये नये पदाधिकारी

**कोतमा।** सर्व स्वर्णकार सामाजिक उत्थान महिला समिति जबलपुर मध्य प्रदेश के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू पंकज सोनी जबलपुर के द्वारा कोतमा निवासी श्रीमती ज्योति संजय सराफ को महिला समिति का प्रदेश अध्यक्ष एवं श्रीमती मंजू रमेश सोनी को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से सर्व स्वर्णकार सामाजिक उत्थान महिला समिति को मजबूती मिलेगी। दोनों महिलाओं की संगठन में नियुक्ति होने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

### नल जल योजनाओं के लिये डेडलाइन 30 अप्रैल तक

# पेयजल संकट से निपटने की समस्त तैयारियां पूर्ण करें: कलेक्टर

### सभी पूर्ण योजनाओं का किया जाएगा भौतिक सत्यापन: सीईओ जिला पंचायत

**उमरिया।** ग्रीष्म काल में पेयजल संकट से निपटने की समस्त तैयारियां लो0स्वा-यां. एवं जल निगम पूर्ण करें। 80 प्रतिशत से अधिक पूर्णता वाली नल जल योजनाएं 31 मार्च तक, 70 प्रतिशत वाली 10 अप्रैल तक तथा शेष योजनाएं 30 अप्रैल तक पूरा करें। लोक स्वा0 यांत्रिकीय विभाग तथा जल निगम के अधिकारी एवं मैदानी अमला मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि जो नल जल योजनाएं पूरी हो गई है वे व्यवस्थित रूप से संचालित रहें, जहां मरम्मत या अन्य तकनीकी समस्यायें आ रही हो, उनका तत्काल निराकरण कराएं। सभी उपयंत्री इस आशय का प्रमाण पत्र देंगे कि योजना के प्रावधान के अनुसार सभी घरों में नल से स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो रहा है। इस आशय के निर्देश कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने लोक स्वा0 यांत्रिकीय विभाग तथा जल जीवन मिशन के माध्यम से संचालित नल जल योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक स्वा0 यांत्रिकीय एच एस धुर्वे, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सरोज सिंह, कार्यपालन यंत्री विद्युत मंडल अभिषेक सिंह, एसडीओ वन कुलदीप त्रिपाठी, सहायक आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि तथा विभागीय अमला एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।




कलेक्टर ने नल जल योजनावार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजनाओं का काम पूरा होने के पश्चात कार्य से तकनीकी अमला के संतुष्ट होने के पश्चात ही हैंडओव्हर किया जाए। जिन योजनाओ के संचालन में विद्युत संबंधी समस्यायें आ रही है, कार्यपालन यंत्री विद्युत मंडल से संपर्क कर उनका निराकरण कराया जाए। ग्रीष्म काल में पेयजल संकट वाले ग्रामों की पहचान कर अभी से पेयजल संकट से निपटने के उपाय किए जाए। जल परिवहन की नौबत नही आनी चाहिए। जो गांव पीव्हीटीजी योजना में लिए गए है उन ग्रामों में पेयजल की आबाध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। जनपद स्तर पर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए जहां प्राप्त होने वाली शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित कराया जाए। जल निगम के अंतर्गत संचालित आकाशकोट परियोजना का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। सामुदायिक नल जल योजना मानपुर, करनपुरा तथा इंदवार के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के सभी बसाहटों में घर घर पेयजल पहुंचाया जाए। विभाग इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि सभी पूर्ण योजनाओं का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। जो कमियां है, उन्हें संबंधित विभाग पहले से ही सुधार कर लें अन्यथा सत्यापन के दौरान कमी पाए जाने पर संबंधित उपयंत्री तथा ठेकेदारों के विरूध्द कार्यवाही की जाएगी। आपने कहा कि ग्रीष्म काल में पेयजल संकट से निजात पानें का एक ही रास्ता है, कि सभी हैंडपंपों का संधारण तथा सभी नल जल योजनाओं का संचालन व्यवस्थित रूप से हो, इसके लिये संबंधित विभाग एवं पंचायतें संयुक्त रूप से जवाबदार रहेंगे।

## जलवायु परिवर्तन के कारणों को जानकर उनसे निजात पाने की दिशा में समन्वित प्रयासों की है आवश्याकता: कलेक्टर

### जलवायु परिवर्तन से मानव जीवन पर पडने वाले प्रभावों पर संपन्न हुई कार्यशाला



**उमरिया।** मानव सहित प्रकृति की गोद में रहने वाले हर प्राणी, वनस्पति पर जलवायु का प्रभाव पड़ता है। दिनों दिन जलवायु परिवर्तन के कारण मानव जीवन अनेकों समस्यायें झेल रहा है। कभी अधिक वर्षा तो कभी सूखा, कभी अधिक गर्मी, कभी अधिक ठंडी तो कभी सूखा। अचानक जलवायु में परिवर्तन होने से दिनों दिन बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। हम सबकों जलवायु के परिवर्तनों के कारण को जानना होगा तथा स्वयं के स्तर से ऐसे प्रयास करनें होगे जिससे मानव जीवन सुरक्षित एवं संरक्षित रहे। इस आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में आयोजित जलवायु परिवर्तन के मानव जीवन पर पडऩे वाले प्रभावों के विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कलेक्टर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण तथा उनसे निजात एवं मानव जीवन पर पडऩे वाले प्रभावों, बीमारियों,लक्षण तथा उपायों के संबंध में व्यापक जन जागरूकता लाने की आवश्यकता है। स्वा. विभाग प्रेस नोट, बैनर, होर्डिग्स आदि के माध्यम से भी जन जागरूकता लाने का प्रयास करे।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि लागतार तापमान में वृध्दि होने से समुद्र का तल बढ़ता जा रहा है। जो शहर समुद्र तट पर बसे हुए है उनकी बसाहट के लिए जगह कम होती जा रही है। गर्मी में अधिक तापमान बढने से लू तापघात, वायु प्रदूषण से अस्थमा तथा स्वसन संबंधी बीमारियां तथा मौसम परिवर्तन से विभिन्न प्रकार की संक्रामक एवं बैक्टीरिया जनित बीमारियां फैलती है। हम सबको प्रदूषण से बचाव के लिये प्रयास करने चाहिए। वृक्षारोपण तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करना चाहिए। जैविक खेती को महत्व देना चाहिए। इस अवसर पर डॉ ऋचा गुप्ता तथा संदीप सोनी ने भी पावर प्वाइंट प्रेजनटेशन से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से अवगत कराया।

## दैनिक लक्ष्य बनाकर राजस्व संबंधी कार्यों में लाएं प्रगति: कलेक्टर

**उमरिया।** दैनिक लक्ष्य बनाकर पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक राजस्व संबंधी कार्यो में प्रगति लाएं। एसडीएम एवं तहसीलदार दैनिक रूप से पटवारी हल्कावार कार्यो के प्रगति की समीक्षा करें तथा निर्देशित करें। जिला स्तर पर भी पटवारी हल्कावार प्रत्येक पटवारी तथा राजस्व निरीक्षक व्दारा किए गए कार्यो की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि नक्शा तरमीम, नक्शा सुधार, खसरे से आधार की लिकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना, राजस्व वसूली तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण का लक्ष्य प्राप्त करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे

## हायर सेकेण्डरी की परीक्षा संपन्न

**उमरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल की परीक्षा में रासायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलीमेंट आफ साइंस एंड मैथमैटिक्स यूजफूल फॉर एग्रीकल्चर, गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान विषय की परीक्षा जिले के 47 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। परीक्षा में कुल दर्ज 3870 परीक्षार्थियों में से 3798 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 72 परक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण दलों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मण्डल परीक्षा अभय सिंह द्वारा मण्डल के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्नपत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य की मॉनीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की ओर भेजने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मण्डल परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुये निरंतर सभी कार्यों की मॉनीटरिंग प्रतिदिन की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी व ए.पी.सी. विनीत कुमार के.व्ही. द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. चौरी, शा. उमावि बिजौरी का निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी। परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी।

### जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का अधिकारी तत्परता से निराकरण करें- कलेक्टर

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभिन्न स्थलों पर आम जनता की शिकायतों को सुनने तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारी तत्परता से करते हुए जिला स्तर से बनाएं गए पोर्टल पर निराकरण दर्ज कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवाओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**उमरिया।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से युवा टीम के सदस्यों ने ग्राम पंचायत पिपरिया विकासखंड मानपुर में रामफल का पौधा लगाकर पौधारोपण किया।टीम की महिला सदस्यों का कहना है कि जिस प्रकार हम अपने भाइयों का ख्याल रखते हैं। उसी प्रकार हम इन पौधों का ख्याल रखकर इन पौधों को पेड़ बनाने का कार्य करेंगे। पर्यावरण मित्र हिमांशू तिवारी ने कहा कि भले ही लोग कहते हैं कि किसी दूसरे ग्रह पर भी जीवन संभव है लेकिन जीवन के लिए जो आवश्यक तत्व हैं जल, ऑक्सीजन, वायु वह सभी धरती पर ही मिल सकता है। हमारी धरती माता हमें फल, फूल, अनाज, सब्जियां सब देती है। यह केवल पृथ्वी पर ही संभव है। पर्यावरण मित्र खुशी सेन ने कहा जीवन में वृक्षों का बहुत अधिक महत्व है। वृक्षों के बिना पर्यावरण की वायु शुद्ध नहीं हो सकती। वृक्ष हमारे लिए ऑक्सीजन प्रदाता का कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त वृक्षों से हमें अनेक उपयोगी वस्तुएं, पदार्थ प्राप्त होते हैं। वृक्षों को लगाने से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा में बढ़ोतरी होती है व वातावरण में ठंडक रहती है। पौधों रोपण करने के उपरांत सभी ने संकल्प लिया जिस प्रकार हम अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना करते हैं उसी प्रकार हम एक पौधे को वृक्ष बनाने का भी कार्य करेंगे। पौधारोपण के दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशू तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन,महक सोनी,खुशबू बर्मन, सुनैना प्रजापति, रिया यादव,अनामिका प्रजापति, उमा प्रजापति,सौरभ पांडेय व सभी उपस्थित रहे।



## आगजनी से 20 हजार के नुकसान का अनुमान



**कोतमा।** कोतमा गर्मी की आहट के साथ ही आग़जनी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। नए मामले में थाना अंतर्गत चापानी गांव निवासी सोहनलाल केवट के घर के पास रखे पैरा में आग लगने से चार घंटे तक आज धधकती रही। आग लगने की खबर से पूरे गांव में हड़कंप मच गया जिसके बाद सरपंच, सचिव सहित गांव वालों के द्वारा मिलकर 4 घंटे तक आग बुझाने का भरसक प्रयास किया गया। आग से लगभग 20 हजार का नुकसान का अनुमान बताया जा रहा है। घटना की रिपोर्ट फरियादी द्वारा थाना कोतमा में देते हुए आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों से उसका जमीनी विवाद चल रहा है जिसको लेकर उन्ही पर संदेह जताते हुए जांच उपरांत कार्यवाही की मांग की गई है।

## रंगों के त्यौहार में जमकर बरसी खुशियों की बौछार





**कोतमा।** उमंग, उल्लास का प्रतीक रंगों का त्योहार रंगोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कोतमा भालूमाड़ा जमुना सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र रंगों से सराबोर रहा। चारों ओर अबीर-गुलाल उड़ा। डीजे की धुन और ढोल की थाप पर बच्चे व युवा झूमते रहे और एक-दूसरे पर रंग उड़ेलते रहे। लोगों ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। महिलाओं ने भी जमकर होली खेली धुरेड़ी पर शुक्रवार शनिवार को दिन निकलते ही बच्चों व युवा रंगों से भरी पिचकारियों, गुलाल व गुब्बारे आदि लेकर एक दूसरे को रंगने में जुट गए। जैस-जैसे दिन चढ़ना शुरू हुआ, वैसे ही होली का खुमार सर चढ़कर बोलने लगा। फिल्मी गीतों की धुन व ढोल की थाप गूंजने लगे। बच्चों से लेकर बड़ों ने रंगों से सराबोर होकर नृत्य किया। छोटे-छोटे बच्चे रंगों में रंगे नजर आए। वहीं, अन्य लोग भी घरों से निकलकर सड़क पर खेलते दिखाई दिए। महिलाओं ने भी जमकर होली खेली गली-मोहल्लों में डीजे पर गानों की धुनों व ढोल की थापों पर जमकर नृत्य किया। दोपहर तक युवाओं की टोली गली-मोहल्लों में घूमकर रंग-गुलाल उड़ाती रही। सुरक्षा के मद्देनजर फोर्स तैनात रही पुलिस ने गली-मोहल्लों में गश्त किया। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में रंगों का त्योहार हर्षोल्लास से शांतिपूर्वक मनाया गया। रंग व गुलाल से होली खेली गयी। नगर में भजिया व ठंडाई का वितरण हुआ। कपड़ा फाड़ होली नगर के बस स्टैंड गांधी चौक आजाद चौक में डीजे की धुन पर नाचते युवाओं ने खूब अबीर गुलाल उड़ाया। और एक दूसरे के कपड़े को फाड़कर जमकर रंग बरसाए और डीजे की धुन पर नाचते दिखे। नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ उपाध्यक्ष बैशाली बद्री प्रसाद ताम्रकार के द्वारा नगर के गांधी चौक आजाद चौक बस स्टैंड में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था करते हुए पानी की बौछार दो दिनों तक करवाते रहे। महिलाएं बच्चे एवं बड़े जमकर होली का लुफ्त उठाया। कोतमा व आसपास के कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्र में धुरेड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान शंकर के वेष में भोले बाबा ने जमकर डांस किया। क्षेत्र में एक दूसरे ने अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। दोपहर बाद नगर व आसपास के हजारों स्त्री-पुरुष आजाद चौक पर एकत्र हुए और जमकर महिलाएं बच्चे होली का आनंद उठाते नजर आए। कोतमा नगर में होली का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। लोग सुबह से ही टोली बनाकर एक दूसरे को बधाईयां देते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों मे होली का पर्व धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। गांवों में युवा सड़क से गुजर रहे लोगों पर रंग लगाते नजर आए। कोतमा नगर में होली पर सुबह से बच्चों ने पिचकारी में रंग भरकर एक-दूसरे को भिगोया। बच्चों के अलावा बडों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। युवकों ने डीजे पर जमकर डांस किया। जगह-जगह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस भी अलर्ट रही। क्षेत्र मे होली पर्व शान्तिपूर्वक मनाया गया।राज्य मंत्री ने भी जमकर खेली होली- मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने निवास पर जमकर होली खेली। लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर राज्य मंत्री को अबीर गुलाल लगाया और जमकर रंग उड़ाए। राज्य मंत्री ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाई जाने की अपील की। होली का त्यौहार हो और भाग की बात ना हो ऐसे में होली का पर्व अधूरा सा लगता है। होली पर्व को लेकर गुरूवार से ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भाग की टीम ने फगुआ गाकर होली पर्व को और खुशनुमा बना दिया यह सिलसिला सुबह से लेकर देर रात तक चलता रहा। नगर की गांधी चौक में पूर्व की भांति शनिवार को हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था। कवि सम्मेलन में श्रोताओं ने हास्य व्यंग की कविता सुनकर जमकर ठहाके लगाए।

**जगह-जगह हुआ फाग, कवि सम्मेलन का भी हुआ आयोजन**

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर पत्थर से हमला, बचाने गए साथी भी घायल

**रीवा।** जिला मुख्यालय से सटे सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इटहा में बीते शनिवार को पत्थर से हुए हमले के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। तीनों घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी अनुसार घटना के संबंध में ग्राम इटहा निवासी उषा साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके दामाद अमन साकेत खेत में बनी अहरी में गए हुए थे, जहां से लौटते समय उनके ऊपर बेटू, जग्गू और पप्पू नाम के युवकों ने पत्थर से हमला कर दिया। जिन्हें बचाने पहुंचे अजीत और रमेश साकेत के ऊपर भी आरोपियों ने पत्थर से हमला कर दिया इस दौरान तीनों लोग घायल हुए हैं। उषा ने बताया कि आरोपियों से घायलों का कोई पुराना विवाद नहीं था इसके बावजूद भी तीनों के ऊपर हमला किया गया है।

### शराब पीने के लिए पैसे ना देने पर युवकों पर चाकू से हमला

**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की देर शाम सब्जी मंडी मेंसब्जी लेने गए दो युवकों पर दर्जन भर बदमाशों ने हमला कर दिया। इस दौरान चाकू भी मारा गया है। दोनों घायल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचे हैं। घटना के संबंध में घायल सूरज गुप्ता और आदर्श वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वह बीती शनिवार की रात सब्जी मंडी में वह सब्जी खरीदने गए थे जहां उन्हें आशीष रजक अज्जू, उत्कर्ष द्विवेदी सहित करीब दर्जन पर लड़के मिले जिन्होंने उनसे शराब पीने के लिए पैसे की मांग की पैसे नहीं देने पर गाली गलौज शुरू कर दिया और देखते ही देखते मारपीट करने लगे आरोपियों ने उन पर चाकू से भी वार किया। जिससे उनके हाथ और गले में चाकू लगा, दोनो को उपचार के लिए एसजीएमएच लाया गया जहां उनका उपचार किया गया।

### सड़क हादसे में तीन की मौत, एक साथ जलीं तीन चिताएं

**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मोजरा में सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले तीन लोगों की एक साथ अर्थियां उठीं, तो पूरे गांव में मातम छा गया। माहौल इतना गमगीन था कि हर आंख नम थी, हर दिल बोझिल था। बता दे कि बीते शुक्रवार के दिन कटरा से गढ़ की ओर जा रही एक अर्टिगा कार ग्राम अगड़ाल के पास भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई थी। इस दर्दनाक दुर्घटना में अच्छे लाल पटेल 45 वर्ष, बृजेंद्र पटेल 43 वर्ष और लवकुश पटेल 20 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और हर तरफ सन्नाटा पसर गया। घटना के बाद शनिवार की सुबह 10.30 बजे जब एक ही घर से तीन अर्थियां उठीं तो गांव का हर शख्स स्तब्ध रह गया। मृतकों के परिवारों की चीत्कार ने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आत्मा को झकझोर कर रख दिया। जब अच्छे लाल पटेल के पुत्र अभिषेक पटेल उर्फ पिंटू और बृजेंद्र पटेल के पुत्र शनि उर्फ अमित ने अपने-अपने पिता की अर्थियों को कंधा दिया, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें छलक पड़ीं। गांव के श्मशान घाट पर जब तीनों चिताएं एक साथ सजाई गईं, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति का दिल दहल गया। बता दे कि ग्राम अगड़ाल में कटरा से गढ़ की ओर आ रही अर्टिगा कार होली के दिन हादसे का शिकार हो गई।

### बिजली के खंभे से टकराई बाइक एक की मौत, एक घायल

**रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम थनवरीया में होली के दिन बाइक से जा रहे दो युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए। जिसमें से एक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि बीती शाम तकरीबन 5 बजे ग्राम थनवरिया निवासी श्याम लाल आदिवासी और राकेश आदिवासी बाइक से गांव की ओर जा रहे थे, इसी दौरान घर से कुछ ही दूर पर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से बाइक जा टकराई जिससे श्यामलाल की घटनास्थल पर मौत हो गई।

# विकास होगा कई गुना या सिर्फ आश्वासनों का झुनझुना

## कल पेश होगा धनपुरी नगर पालिका का बजट

**पिछले साल 125 करोड़ का था प्रावधान**

सोहागपुर कोयलांचल मुख्यालय का खिताब पाने वाली मध्य प्रदेश की संपन्न नगर पालिकाओं में से एक धनपुरी की नगर परिषद द्वारा 19 मार्च को बजट प्रस्तुत किया जा रहा है।

धनपुरी




अगला बजट कैसा होगा किन तथ्यों, उपायों, समस्याओं और जरूरतों को वरीयता दी जाएगी, विकास के कौन से रास्ते अपनाए जाएंगे या फिर वही पुरानी डफली पुराना राग रहेगा इस बात को लेकर स्थानीय जनमानस के बीच सवालों की बाढ़ आ चुकी है। देखना होगा की नगरपालिका के कर्णाधार लोगों की उम्मीद पर किस हद तक और कितना खरा उतर पाते हैं। ₹धनपुरी।चालू वित्तीय वर्ष का अंतिम माह चल रहा है। नए वित्तीय वर्ष को लेकर नगर पालिका ने बजट का प्रारूप भी तैयार कर लिया है। 19 मार्च को पूर्ण बजट का लेखा-जोखा पेश किया जाएगा और 2025-26 का बजट परिषद की बैठक रखा जाएगा। बजट को लेकर नगर वासियों के बीच व्याप्त चर्चाओं के दौरान जहां एक ओर सत्ता पक्ष के पार्षदों और पदाधिकारियों द्वारा विकास मूलक और समस्याओं का निदान करने वाले बजट की प्रस्तुति का दावा किया जा रहा है वही विपक्षी पार्षदों का मानना है कि पिछले सालों में अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों को वार्डों तक न उतार पाने वाली नगर पालिका इस नए साल में भी शायद ही कुछ करके दिखा पाएगी। किसके दावों में कितना दाम है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा बहरहाल चर्चाओं का बाजार गर्म है नगर परिषद से जुड़े सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी पर यदि विश्वास किया जाए तो इस बजट से पार्षदों को विकास की उम्मीद है। खासतौर पर बड़े प्रोजेक्ट की जगह पर मूलभूत सुविधाओं पर इनका अधिक फोकस है। शुद्ध पेयजल,सड़क-नाली साफ सफाई जैसी समस्या आज भी कई कई वार्डों में है। पार्षदों का कहना है कि इन समस्याओं से निपटने के लिए यदि बजट में विशेष प्रावधान किया जाता है, तो इसका लाभ सीधे-सीधे आम लोगों को मिलेगा।सत्ता पक्षः आय बढ़ाने का होगा प्रयास विकास के लिए यह जरूरी है कि वार्डों को आमदनी भी हो जिससे कोई कार्य प्रभावित न होने पाए। इसके लिए यह जरूरी है कि जागरुक लोगों की भी इसमें राय लेते हुए इसे समय रुप से तैयार किया जाए। जिससे की किसी व्यवधान के शहर का विकास हो सके। कई बार राशि के विकास कार्य रुक जाते हैं। इस पर भी फोकस करना बजट में हमेशा जरूरी बातों का ध्यान रखा जाता है जिससे की विकास कार्य प्रभावित न होने पाए। इसके साथ-साथ आम आदमियों पर बोझ भी न पड़े। सभी जनप्रतिनिधियों की कोशिश रहती है कि बजट में जिन कार्यों को शामिल किया जाए। विपक्षः वार्डों पर खरा उतरा जाएबड़े प्रोजेक्ट भी जरूरी है, लेकिन इसके पहले उन छोटे-छोटे कार्यों को बजट में शामिल करना होगा जिसके चलते वर्ष भर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्तसौर पर सड़कें ठीक नहीं होने से लोग धूल से परेशान होते रहते हैं। इसी तरह की स्थिति नालियों की है। कई जगहों पर पुरानी नाली है जिसके चलते पानी का निकासी ठीक तरह से नहीं हो पाता।कागजी घोड़ेशहर के विकास के लिए हर वर्ष भारी-भरकम बजट पेश किया जाता है, लेकिन मैदान में उस बजट का कम ही क्रियान्वयन हो पाता है। आगामी बजट से उम्मीद है कि नगर सरकार अपनी गलतियों से सबक लेते हुए इसे नहीं दोहराएगी। जिससे कि समी वार्डों में आवश्यकतानुसार कार्य होते रहें। बैठक का एजेंडा बताया जाता है कि नगर परिषद की बैठक के लिए निर्धारित एजेंडे में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु बजट स्वीकृत बावत विचार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुये आय-व्यय का अनुमोदन बावत विचार, म०प्र० राजपत्र असाधारण दिनोंक-03.04.2021 के अनुसार सम्पत्ति कर डबल होने के संब में सूचना, ट्रेड लाईसेन्स जारी किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, म०प्र० शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र0-1206/1168/2022/18-3 भोपाल दिनोंक-23.03.2022 के अनुसार केन्द्र एवं राज्य के शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के भवनों पर अधिरोपित सेवा प्रभार लागू किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, पशु पंजीयन शुल्क लागू किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, वार्ड क्र०-1 में स्थित अर्धनिर्मित हाउसिंग बोर्ड कालोनी क्रय कर विकसित करने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में विचार एवं निर्णय, नगरीय क्षेत्रान्तर्गत घर-घर सर्वेक्षण कर मूलभूत / आधारभूत डेटा तैयार करने के संबंध विचार, निकाय क्षेत्र में समस्त आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों का भौतिक सत्यानन एवं जी०आई०एस० सर्वे कार्य कराये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, निकाय में कार्यरत दैनिक मस्टर श्रमिकों की समयवृद्धि बावत विचार एवं निर्णय, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जलप्रदाय सामग्री क्रय के संबंध में विचार एवं निर्णय इस तरह से 35 बिंदुओं पर विचार किया जाएगा।

**विराट कवि सम्मेलन में कवियों ने कविताओं से बांधा समां**

## जब कपोल पर रँग दिया प्रिय ने प्रेम गुलाल, धड़कन-धड़कन का हुआ, हाल सखी बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन गर्ग चौराहे में किया गया। एक शाम शहीदों के नाम होली हास्य हंगामा नगर के ख्यातिलब्ध हास्य व्यंग्य कवि मनोहर मनोज के सानिध्य एवं अजय सरावगी के संयोजन में आयोजित किया गया। कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन एवं मुक्तिधाम विकास समिति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध कवियों ने देर रात तक समा बांधा।




कार्यक्रम का संचालन कवि शशिकांत यादव ने किया। 15 मार्च को गर्ग चौराहे में सायं 7 बजे से हास्य व्यंग्य श्रृंगार रस के कवियों की महफिल सजी। कविसम्मेलन में राव अजात शत्रु (उदयपुर) अखिलेश द्विवेदी (प्रयागराज) सुनील गाईड तराना हास्य श्रद्धा शौर्या (नागपुर) आशीष सोनी (गाडरवारा) प्रियंका मिश्रा (विजयराघवगढ) हीरामणि वैष्णव (कोरबा) विकास बैरागी (नरसिंहपुर) नगर के साहित्यकार सतीश आनंद प्रियंका मिश्रा ने शानदार काव्यपाठ किया।होली पर आयोजित कवि सम्मेलन में साहित्य प्रेमियों की बडी संख्या में उपस्थिति रही। विकास बैरागी ने कहा कलयुगी द्रोपदी ने कृष्ण को पुकारा प्रभु, देखो ये दुशासन मुझे साड़ी पहनाता है, रोते रोते कॉलेज में बोल उठे द्रोणाचार्य, एकलव्य मेरा ही अंगूठा काट जाता है। राव अजातशत्रु ने अपनी पंक्तियों में कहा कि ऐसे रंग डालो कि तन-मन तिरंगा हो जाए, ऐसी भंग पीसो कि जन-गण तिरंगा हो जाए, मिले मौका तो मैं भी खेलूँ खून की होली, पाऊँ शहादत और कफ़न तिरंगा हो जाए। आशीष सोनी गाडरवारा ने कहा कि जब कपोल पर रँग दिया, प्रिय ने प्रेम गुलाल, धड़कन-धड़कन का हुआ, हाल सखी बेहाल। प्रियंका मिश्रा ने सुनाया रात दिन जो भाग-भाग कर खूब सजाई शाम, ऐसे आयोजकों को मेरा बारंबार प्रणाम।

## मूल्यांकनकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 की परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन रविवार 16 मार्च से मूल्यांकन केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में किया जाना है। प्रथम चरण में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की विषय के मूल्यांकन हेतु रविवार 16 मार्च को संस्कृत एवं अंग्रेजी विषय के मूल्यांकन कर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, एडीपीसी अभय जैन सहित राज्य स्तरीय मास्ट्रर ट्रेनर आलोक पाठक, एन.पी. गुप्ता एवं संध्या बेन सहित मूल्यांकन अधिकारी सहित प्राचार्य एम किंडों की मौजूदगी रही।

## पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने मनाई होली, डीजे की धुन में झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

होली पर्व के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों ने रविवार को पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। डीजे की धुन पर सभी ने जमकर नृत्य किया। आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति में गायकों ने फिल्मी गीतों से माहौल को रंगीन बना दिया। पुलिसकर्मियों ने 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली', 'खईके पान बनारस वाला' जैसे लोकप्रिय गीतों पर डांस किया।



होली के दिन पुलिसकर्मी शांति व्यवस्था की ड्यूटी के कारण त्योहार नहीं मना पाते हैं। इसलिए होली के बाद यह विशेष आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के साथ थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और पुलिस थाने का पूरा स्टाफ उपस्थित था। सभी पुलिसकर्मी एक-दूसरे के साथ होली खेलते हुए प्रसन्न दिखे।

होली के दौरान पुलिस टीमें शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रही थीं।

**खितौली चौकी अंतर्गत ग्राम हदरहटा गांव में हुई घटना**

## सौतेली मां का ऐसा चढ़ा पारा कि 7 साल की बच्ची का घोंट दिया गला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही थाना खितौली पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम हदरहटा के उटिन टोला में सौतेली मां ने 7 वर्ष की बच्ची का रस्सी से गला घोंट दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बच्ची के पिता ने अपनी दूसरी पर आरोप लगाते हुए कहा कि गले में रस्सी कसकर उसकी हत्या की।

### पति के आने पर पता चला

जानकारी के अनुसार पति रोज की तरह सुबह खेत चला गया। बच्ची अपने सौतेली मां के के साथ घर पर थी। बालिका अपनी सौतेली मां के बेटे को गोद में लिए खेला रही थी अचानक छोटा बच्चा गोद से नीचे गिर गया जोर-जोर से रोने लगा। यह सुनकर बच्चे की मां दौड़ी और गुस्से में आकर बच्ची की हत्या रस्सी को गले में कसकर कर दी और रस्सी को जलाकर बाड़ी के घुरबा में छुपा दी। जब पति दोपहर को घर वापस आया बच्ची को पत्नी से पूछा कहां है बोली मैं नहीं जानती जब इधर-उधर ढूंढ़ा तो बच्ची घर के अंदर एक कोने में खाट पर लेटी दिखाई दी। पास जाकर जब देखा तो पिता के होश उड़ गए गले में रस्सी के निशान मृत अवस्था में पड़ी थी शोर-शराबा किया रोने लगा। घटना की सूचना खितौली चौकी पुलिस को दी गई।



### महिला ने कबूला गुनाह

बरही थाना प्रभारी व खितौली प्रभारी अपने बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच पड़ताल की। सौतेली मां नंदनी कुशवाहा से पूछताछ करने पर उसने हत्या कारित करना स्वीकार किया और रस्सी बरामद की गई। महिला पुलिस ने आरोपी सौतेली मां को गिरफ्तार कर थाना ले गई। बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया की हत्या के तहत मर्ग कायम कर लिया गया है । बच्ची का पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा ।

प्रतिबंधात्मक धारा 163 जारी, पूरे गांव में पुलिस का चल रहा कड़ा पहरा

## मऊगंज के गड़रा दोहरे हत्याकांड के बाद गांव में छाया सन्नाटा

मऊगंज

जिले के गड़रा गांव में युवक को बंधक बनाकर की गई हत्या एवं बचाव करने पहुंचे एसएएफ के सहायक उप निरीक्षक, तहसीलदार एवं अन्य पुलिस कर्मियों पर हमले का मामला मऊगंज जिला ही नहीं पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया। बदले की भावना से होली के दूसरे दिन आदिवासी परिवार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से न केवल युवक को बंधक बनाकर मौत के घाट उतार दिया गया बल्कि युवक को बचाने गए जवान पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया जिसके कारण एएसआई रामचरण गौतम की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही यहां तक की प्रभारी मंत्री एवं डीजीपी तक गड़रा गांव पहुंचे और मृतक शनि द्विवेदी के परिवार जनों को सांत्वना दिए। डीआईजी कैलाश मकवाना ने घटनास्थल का स्वयं निरीक्षण किया और अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना के दूसरे दिन रविवार को मृतक युवक शनि द्विवेदी का अंतिम संस्कार कर दिया गया इस बीच जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। घटना के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे गांव में पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया है वहीं दिल को दहला देने वाली घटी घटना के बाद से क्षेत्र में सन्नाटे की स्थिति बनी हुई है। उधर हमले में मारे गए सहायक उप निरीक्षक का पार्थिव शरीर राजकीय सम्मान के साथ मऊगंज से गृह गांव पवइया सतना पहुंचाया गया जहां अंतिम संस्कार किया गया। फिलहाल गड़रा गांव की स्थिति सामान्य है। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस तैनात है।

### मुख्य आरोपी सहित डेढ़ दर्जन आरोपी नामजद

घटना के बाद पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी विनोद कोल सहित आधा दर्जन आरोपियों को हिरासत में लिया है, वहीं मामले में डेढ़ दर्जन आरोपी नामजद किए गए हैं। घटना को अंजाम देने वाले फरार आरोपियों की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है। घटना में शामिल आरोपी विनोद कोल, रमेश प्रसाद साहू, बृजलाल कोल, अंशू कोल, प्रेमवती कोल, राजाराम कोल, सौरवी कोल, मुन्नीलाल कोल, अच्छे लाल कोल, संजय कोल, रामकिशोर कोल, सचिन कोल, रामकृपाल कोल, गुड़िया कोल, निशा कोल, शनी कोल, लवकुश कोल व रफीक मोहम्मद सहित आधा सैकड़ा आरोपी बताए गए हैं। मामले में पुलिस ने विनोद कोल, महेश कोल और प्रयाग कोल पकड़ में आए इसके साथ घटना का तथाकथित मास्टरमाइंड रफीक मोहम्मद भी पकड़ा गया है। आरोप है कि महेश ने धारदार हथियार से पुलिसकर्मियों पर हमला किया था। इसके बाद 6 महीने पहले संदिग्ध हालत में मृत मिले अशोक कोल के बेटे विनोद कोल उर्फ लाला और भाई रजनीश कोल को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने सनी द्विवेदी को बंधक बनाकर मारपीट की थी, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में अभी तक पुलिस द्वारा आधा सैकड़ा से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

## हर्षोल्लास से मना होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा और सिलौड़ी क्षेत्र में जगह-जगह युवाओं ने परंपरागत तरीके से होलिका दहन किया। तय मुहूर्त पर विधि विधान से पूजन कर होलिका जलाई। लोगों ने होली के फेरे लिए।युवाओं में होलिका दहन को लेकर उत्साह देखा गया। होलिका दहन से पहले विधि-विधान से पूजन किया गया और फिर होलिका दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत की खुशी में लोगों ने जौ बाग गेहूं की बाली को अग्नि में भूना। इस दौरान लोगों ने होलिका माता के जयकारे लगाए।सुबह होते ही लोगों ने होलिका स्थल पर पहुँचकर होली की आग सेकी और होलिका की आग को घर लेकर आये।

### नहीं हुई अप्रिय घटनाएं

इस मौके पर उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी,ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान, सिलौंड़ी चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल पुलिस की टीम के साथ अपने अपने क्षेत्रों पर मुस्तैद रहे।पुलिस क्षेत्र में रातभर गश्त करती रही।जिसके चलते क्षेत्र में शांति का वातावरण निर्मित रहा और कोई भी घटनाएं नहीं हुई।

### बका लेकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

**उमरियापान।** धारदार हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की हैं।

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के संबंध में कार्यशाला 21 को

**अनूपपुर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के संबंध में अनूपपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम पंचायत भवन में 21 मार्च को दोपहर 1:00 बजे से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पूर्व में यह कार्यशाला 15 मार्च को निर्धारित थी, किन्तु 14 मार्च को होली/धुरेड़ी के त्यौहार का अवकाश होने से आयोजन की तैयारियों में कठिनाई व आयोजन में प्रतिभागियों तथा उपभोक्ताओं की सहज उपलब्धता की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए कार्यशाला का आयोजन 15 मार्च के स्थान पर 21 मार्च निर्धारित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा दी गई है।

## जुआ खेलते 6 गिरफ्तार, 1560 रूपए किये जब्त

**कटनी।** कोतवाली थाना की बस स्टैण्ड चौकी पुलिस ने दो स्थानों में जुआ खेलने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार होलिका पर्व के दौरान पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम खरखरी एवं कैलवारा में जुआ खेलने की शिकायत प्राप्त होने पर पेट्रोलिंग टीम के कार्यवाही की। केलवारा रोड जगत यादव के प्लांट के सामने में अवैध रूप से ताश के पत्तों से हार जीत का दाव लगाते राजेश चौधरी, शिव चौधरी, तीरथ चौधरी सभी निवासी ग्राम खरखरी को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से 350 रुपए जप्त किए गए। इसी तरह ग्राम खरखरी रोड के किनारे ताश के पत्तों से हार जीत का अवैध रूप से दांव लगाते शुभ जयसवाल निवासी शिवाजी नगर, गोलू साहू निवासी कलवारा फाटक एवं अशोक दीवान निवासी केलवारा खुर्द को पकड़ा गया। युवकों के पास से 1210 रुपए जप्त किए गए हैं। कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक योगेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक बाल गोविंद प्रजापति, आरक्षक अनमोल सिंह, मनु त्रिपाठी का योगदान रहा।

## बका लेकर घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार

**उमरियापान।** धारदार हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की हैं। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि उमरियापान के मचखंडा मोहल्ला में जितेंद्र पिता अशोक चौधरी(26) धारदार लोहे का बका लेकर मोहल्ले में घूम रहा था। जिससे लोगों में दहशत का माहौल रहा। सूचना पर पहुँची पुलिस ने युवक को हथियार सहित गिरफ्तार किया।

## अधिक मात्रा में कीटनाशक के उपयोग से कम होती है उर्वरता

**हरिभूमि न्यूज: कटनी।** किसानों को वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र और कृषि विभाग ने जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन मौसम में सब्जी वर्गीय, गिल्की, खरबूज व लोबिया की फसल लगाने की सलाह दी है। तिलहन फसल की आवश्यकता को देखते हुए किसान गर्मी में तिल की फसल ले सकते हैं। साथ ही गर्मी में नई हरी खाद के रूप में व बीज उत्पादन के लिए एक विकल्प के रूप में अपना सकते हैं। किसान इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बाजार की उपलब्धता उत्पाद की बिक्री, मृदा स्वास्थ्य व वातावरण का विशेष ध्यान रखकर फसलों का चुनाव किया जाये। किसान समय- समय पर कृषि वैज्ञानिकों से परामर्श ले सकते हैं। इसके अलावा किसान सारथी पोर्टल व वाट्सएप ग्रुप में अपनी समस्याये भेज सकते हैं, जिसका निराकरण किया जा सके। यह देखा जा रहा है कि खेतों में किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग की खड़ी फसल में 5-6 बार कीटनाशक का छिड़काव करते हैं। अनुशंसित मात्रा से अत्याधिक मात्रा में कीटनाशक का बार- बार छिड़काव के साथ ही खड़ी फसल खेत में पकने के उपरांत हरी फसल को सुखाने के लिए प्रतिबंधित नींदानाशक पैराक्वाड का उपयोग करते हैं, जिसका दुष्परिणाम वातावरण के साथ ही उत्पादित मूंग का सेवन करने वाले लोगों पर विपरीत प्रभाव भी होता है। इससे विभिन्न प्रकार की खतरनाक बीमारियां बढ़ रही है, जिसमें कैंसर भी शामिल है। साथ ही ग्रीष्मकालीन मूंग में अत्याधिक सिंचाई करनी पड़ती है।

### होली के दिन हंगामा कर जमकर बरसाए थे लाठी डंडे

# पान विवाद हत्याकांड के सभी 6 आरोपी पहुंचे जेल

अनूपपुर/कोतमा

**होली के दिन गणेश प्रसाद पाण्डेय पिता स्व. भोला प्रसाद पाण्डेय उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 05 के साथ पान मांगे जाने पर अमृत प्रजापति के साथ हुए विवाद पर मारपीट के दौरान बचाव कर रहे विक्की केवट पर भी जानलेवा हमला हुआ था। उपचार के दौरान दूसरे दिन मौत हो गई थी।**





हरिभूमि
हत्या तक पहुंचा पान का विवाद: एक की मौत, दूसरा गंभीर



आरोपी अमृत प्रजापति अपने पांच साथियों के साथ (राफ्टर), डण्डा लेकर आया था और गणेश एवं विक्की केवट को मारपीट कर गंभीर चोट पहुँचाई थी। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 117(2), 351(3), 3(5) बी एन एस कायम किया गया था। घायल विक्की को गंभीर चोट होने से बाहर रेफर किया गया था जिसकी 15 मार्च शनिवार को ईलाज के दौरान शहडोल अस्पताल में मृत्यु होने पर मामले में धारा 109,103 (हत्या) बीएनएस की धारा बढ़ाई गई थी। घर के अकेले कमाने वाले सदस्य एवं 3 बच्चों के आश्रित विक्की की मृत्यु होने से परिवार जन एवं वार्डवासियों द्वारा बंजारा तिराहा में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु विरोध प्रदर्शन करते हुए आक्रोश जताया गया था। अति पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी के द्वारा मौके पर पहुंच परिवार जन को जल्द ही आरोपियों के गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया था जिसके तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह के नेतृत्व में 03 अलग अलग टीम गठित कर आरोपियों की धड़पकड़ हेतु संभावित स्थानो में लगातार दबिश देकर मुख्य आरोपी अमृतलाल प्रजापति पिता पूरन प्रजापति उम्र 32 साल निवासी बुढानपुर, दिलीप प्रजापति पिता स्व. चेतराम प्रजापति उम्र 22 वर्ष, सुनील उर्फ गोलू प्रजापति पिता तीरथ प्रजापति उम्र 22 साल दोनो को पेंड्रा गौरेला से अन्यत्र भागने के पूर्व गिरफ्तार करते हुए मोटर सायकल एवं हथियार भी जप्त किया गया। अन्य 3 आरोपी जितेन्द्र प्रजापति पिता हरिलाल प्रजापति उम्र 24 साल, शिवा उर्फ सूर्यकांत प्रजापति पिता मूलचंद प्रजापति उम्र 19 साल एवं सागर प्रजापति पिता रामनाथ प्रजापति उम्र 21 साल सभी निवासी ग्राम बुढानपुर को भी टीम द्वारा लगातार दबिश देते हुए शहडोल से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं राफ्टर भी जप्त किया। सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय पेश किया गया जहां से 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### गौवंश की नृशंस हत्या मातृहत्या के समान : स्वामी सुबुद्धानंद जी महाराज

# नर्मदा परिक्रमा के दौरान स्वामी सुबुद्धानंदजी महाराज ने की मां नर्मदा की पूजा अर्चना

अमरकंटक।



अनंत श्रीविभूषित द्वीपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की पावन चरण पादुकाओं की छत्रछाया से आच्छादित एवं उनके विशेष कृपापात्र शिष्य ब्रम्हचारी स्वामी श्री सुबुद्धानंद जी महाराज के पावन नेतृत्व में मेकलसुता शिवपुत्री माँ नर्मदा जी की पवित्र एवं रमणीक यात्रा उनके शिष्यों सहित आरंभ की गई है। इस पवित्र आध्यात्मिक यात्रा में लगभग 50 लोगों का समुदाय ब्रम्हचारी श्री सुबोधानंद जी के साथ चल रहा है। नर्मदा परिक्रमा के लिए स्वामी जी अपने शिष्यों सहित 15 मार्च को शाम की सुहानी बेला में मां नर्मदा की अलौकिक छटा के दर्शन को आतुर अमरकंटक पहुंचे और अपने शिष्य परिवार सहित मां नर्मदा का दर्शन एवं पूजन कर अपने पूर्व परिचितों से मुलाकात की।

### श्रीमाता सदन में किया गया भव्य स्वागत

अमरकंटक की पवित्र धरा पर स्थापित श्रीमाता सदन में परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने स्वामी जी सहित समस्त परिक्रमाकर्ताओं का स्वागत वंदन किया और स्वामी जी सहित समस्त परिक्रमाकर्ता श्रीमाता सदन में भोजन उपरांत रात्रि विश्राम कर 16 मार्च को भोजन प्रसाद प्राप्त कर मां नर्मदा की परिक्रमा यात्रा को आगे बढ़ाते हुए मंडला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की अपील

स्वामी जी ने अमरकंटक और मां नर्मदा के माहात्म्य का सुंदर वर्णन करते हुए मां नर्मदा की निराली और अलौकिक छटा की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं बहुत दिनों से यहां आना चाहता था, लेकिन जब मैया का आदेश हुआ, तो उन्होंने नर्मदा परिक्रमा के दौरान मुझे दर्शन देकर मेरे और मेरे साथ नर्मदा परिक्रमा कर रहे समस्त शिष्यों को कृतार्थ किया। स्वामी जी ने कहा गौहत्या पर नाराजगी जताई और कहा कि गौमाता तो हम सभी की माता है और गौमाता के निर्मल दुग्ध से हम सभी का पालन पोषण हुआ है। गौमाता की नृशंस हत्या मातृहत्या के समान है और यह पूरे देश में बंद होना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि गौमाता की हत्या कर रोक लगाएं और गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करें। स्वामी जी ने कहा कि मोदी जी लगातार बेहतर कार्य कर रहे हैं, लेकिन इसी तारतम्य में गौमाता की हत्या पर अंकुश लगाने के साथ ही गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कर करोड़ों सनातनी हिंदुओं की आस्था पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

### परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने संत कृपा को बताया सर्वस्व

परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने मां नर्मदा के माहात्म्य का स्वामी जी के मुखार बिंदुओं से श्रवण कर स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि यह सौभाग्य ही है जो कि आज स्वामी जी के श्रीचरण हमारी कुटिया में पड़े हैं और मां नर्मदा की हहम पर विशेष अनुकंपा है। श्री शर्मा ने संतो के संगत को प्रथम भक्ति कहते हुए संतो की संगत की महत्ता का वर्णन किया और स्वयं को सौभाग्यशाली बताया कि आज मुझे स्वामी जी सहित समस्त परिक्रमाकर्ताओं का स्वागत और सेवा का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस पावन नर्मदा परिक्रमा यात्रा में ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद जी महाराज के साथ ब्रम्हचारी विमलानंद जी, ब्रम्हचारी राघवानंद जी, राजेंद्र प्रसाद, शास्त्री सुनील शर्मा, शारदानंद द्विवेदी, टिंकू अग्रवाल, बसंत पाठक, विजय पाठक, डॉक्टर शोभाराम दुबे, नरेंद्र चतुर्वेदी, अश्वनी राठौर, कमलेश शास्त्री, हेमंत तोसावर, दिनेश भंडारी, भाई लाल यादव, गोविंद पटेल, अशोक, राजू पाठक, डीपी तिवारी राजू सहित अन्यजन शामिल हैं।



# बिजुरी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दबोचा हत्यारे पति को

बिजुरी

15 मार्च को सूचनाकर्ता महेश प्रसाद पाव पिता श्यामलाल पाव गांव बेनीबहरा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि गांव मे होली का त्यौहार था आरोपी बुद्धसेन पाव, अपनी पत्नी मृतिका पुनिया पाव के चरित्र पर शंका करता था इसी कारण बुद्धसेन पाव ने मृतिका पुनिया पाव को मार पीट कर हत्या कर दी है और फरार हो गया है। जिस पर थाना बिजुरी मे अप. क्र 76/25 धारा 103(1) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया है। हत्या का गंभीर प्रकरण होने पर पुलिस अधीक्षक मोति उर रहमान द्वारा तत्काल आरोपी की पता तलाश कर उसकी गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये जिसके अनुपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति आरती शाक्य के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई जो बिजुरी पुलिस द्वारा अपराध कायमी के 24 घंटे के अंदर हत्या के आरोपी की गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिंह, उनि. उदित नारायण मिश्रा, सउनि कमलेश तिवारी, प्रदीप अग्निहोत्री, प्रआर. सतीष मिश्रा, आर. लक्ष्मण दांगी, रामनिवास गुर्जर, अभिषेक शर्मा, राकेश चौहान, प्रभाकर त्रिपाठी की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# पूरे गांव में एकमात्र पानी के स्त्रोत को खत्म करने पर आमादा ठेकेदार

### ग्रामीणों ने कलेक्टर सहित जिम्मेदारों से की त्वरित कार्यवाही की मांग

**कोतमा।** कलेक्टर के द्वारा जिले को जल अभाव ग्रस्त घोषित करते हुए हैंडपंप खनन तालाब या बंद से पानी लेकर निर्माण कार्यो पर रोक लगाई गई है वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत के द्वारा कलेक्टर के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है । ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरोध में बन रहे 37 लाख की लागत से पंचायत भवन का है जहां ठेकेदार द्वारा सार्वजनिक सरिया बांध मे पंप लगाकर पानी का उपयोग किया जा रहा है ।

### होगी पानी की समस्या

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और आने वाले दिनों में भीषण गर्मी पड़ेगी जिससे जल स्तर भी घटेगा और आने वाले दोनों में ग्रामीणों के सामने पानी की भीषण समस्या खड़ी हो जाएगी इसी बात को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सरिया बांध से पंप लगाकर निर्माण कार्य में पानी का उपयोग किए जाने पर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे सामने पानी की समस्या है और गर्मी के मौसम में जब बांध का जलस्तर घट जाएगा उसके कारण भी हमारे सामने पानी की भीषण समस्या खड़ी हो जाएगी। भरी गर्मी के कारण में ग्रामीणों के द्वारा आपत्ति जताई जा रही है लेकिन ठेकेदार और सरपंच के मनमानी रवैया अपनाते हुए ग्रामीणों के द्वारा किये जा रहे विरोध को नजर अंदाज करते हुए ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य में पानी का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार का कहना है कि मैं पैसा देकर के पानी लेता हूं सरपंच को पैसा देता हूं। जहां शिकायत करना है वहां शिकायत कर दो। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में एक पानी का स्त्रोत वही जगह है उसके अलावा उसका पानी अगर खाली कर दिया जाएगा तो मवेशी जानवर या मनुष्य का निस्तार बंद हो जाएगा। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि निर्माण कर में ठेकेदार के द्वारा बांध का पानी उपयोग कर रहा है जिस पर रोक लगवाए जाते हुए संबंधित जनों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।



# अग्निवीर में भर्ती की जागरूकता के लिए जिले में लगाया जाए कैंप

### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने भारतीय सेना (अग्निवीर) में भर्ती होने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों के जागरूकता के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अनूपपुर के प्राचार्य को सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी के साथ समन्वय कर कैंप आयोजित कर निर्धारित मापदण्डों के आधार पर ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवारों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। जिससे जिले के युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मुहैया हो सके तथा उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर किया जा सके। कलेक्टर ने कहा है कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत शेष पात्र हितग्राहियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से आपके द्वार-निरामयम अभियान के रूप में सेवा माह का क्रियान्वयन किया जा रहा है। यह सेवा माह 7 अप्रैल 2025 तक चलाया जायेगा। उन्होंने अभियान का सफल संचालन कर वांछित लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में चयनित नवीन ग्रामों में सर्वे कार्य, ग्राम विकास योजना के संबंध में तथा प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत जनजाति हितग्राहियों के सर्वे एवं आवास के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का सर्वे किया जा रहा है। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि सर्वे में कोई भी पात्र हितग्राही ना छूटे इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से टेली मेडिसिन संचालन हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उन्हें नोडल के रूप में नियुक्त किया जाए तथा खंड चिकित्सा अधिकारी को सहायक नोडल के रूप में नियुक्त किया जाए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जिला स्तर पर भी एक कंट्रोल रूम बनाए जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। ताकि प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रदाय की जाने वाली टेली मेडिसिन सुविधाओं की मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जा सके। जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# अनूपपुर में होगा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, निकलेगी शोभा यात्रा

**अनूपपुर।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला इकाई अनूपपुर द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि 22 एवं 23 मार्च को अनूपपुर जिला मुख्यालय में वैश्य महा-सम्मेलन की प्रदेश कार्यसमिति एवं वैश्य समाज का शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी सहित 200 लोग सम्मिलित होंगे। जिसमे नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल एवं संरक्षक एवं पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता का आगमन होगा। सम्पूर्ण प्रदेश के साथ-साथ शहडोल संभाग के कार्यकर्ता एवं आजीवन सदस्य सम्मिलित होंगे। दो दिनो तक चलने वाली प्रदेश कार्य-समिति में सामाजिक सरोकार एवं वार्षिक कार्यक्रमों की समीक्षा होगी तथा आगामी कार्ययोजना तय की जावेगी। पदम खेमका एवं मुकेश जैन ने बताया कि भोपाल में वैश्य समाज का वैश्य भवन लगभग बनकर तैयार हो गया है जो सभी लोगो के लिए बहुत ही कम शुल्क में कमरे शादी व अन्य समारोह के लिए दिए जाएंगे। वैश्य समाज द्वारा भोपाल में जल्द ही आम जनता के लिए मेडिकल कालेज का निर्माण कराया जाएगा, जिसमे सभी लोगों को बहुत ही कम शुल्क पर जांच एवं इलाज की सुविधा होगी। वैश्य महासम्मेलन वर्ष में 4 कार्यक्रम मुख्य रूप किया जाता है। बसंत पंचमी में पूरे प्रदेश में बृक्षारोपण करके हरियाली महोत्सव मनाया जाता है, नाना देशमुख जयंती पर ब्लड डोनेशन कर समाज सेवा का कार्य किया जाता है, आजीवन सदस्यता सम्मेलन, गुड़ी पड़वा के दिन वैश्य दिवस मनाया जाता है। इसके अलावा वैश्य महासम्मेलन वैश्य समाज के गरीब परिवारों के साथ समाज सेवा का कार्य करता है। वैश्य महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हैं कि वैश्य समाज मे 346 घटकों को अपने समाज के साथ जोड़कर रोटी व बेटी का नया रिश्ते की शुरुआत करना हैं। प्रेस वार्ता में प्रदेश के महामंत्री पदम खेमका, कार्यक्रम संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश जैन, जिलाध्यक्ष हरिओम ताम्रकार, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश अग्रवाल जिला महामंत्री राजकमल गुप्ता, विनोद सोनी, महिला इकाई की जिलाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, महामंत्री रानी सोनी व संभागीय मीडिया प्रभारी नीरज गुप्ता सहित वैश्य बन्धु उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष हरिओम ताम्रकार ने वैश्य महासम्मेलन व शोभा यात्रा में अधिक से अधिक वैश्व बंधुओ से शामिल होने का आग्रह किया है।



# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए कलेक्टर ने 6 उपार्जन केन्द्र किए स्वीकृत

**अनूपपुर।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 15 मार्च 2025 से प्रारंभ कर दी गई है, जो 05 मई 2025 तक की जाएगी। गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता (एफ.ए.क्यू.) गेहूं कॉमन 2425 रुपये एवं बोनस 175 रुपये कुल 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उपार्जन हेतु जिले में 06 गेहूं उपार्जन केन्द्र स्वीकृत किए हैं। जिनमें तहसील अनूपपुर के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. पटनाकला अंतर्गत मां शारदा वेयर हाउस बीओटी 2 बरबसपुर, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. अनूपपुर अंतर्गत श्री शिवाय वेयर हाउस अनूपपुर, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. मझगवां (फुनगा) अंतर्गत शारदा फूड प्रोसेसिंग बीओटी बी गोदाम पयारी, तहसील जैतहरी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. जैतहरी अंतर्गत आरटीओ गोदाम खूंटाटोला, तहसील कोतमा के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. बिजुरी अंतर्गत बतूल वेयरहाउस कोतमा तथा तहसील पुष्पराजगढ़ के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. राजेन्द्रग्राम अंतर्गत एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम राजेन्द्रग्राम में उपार्जन कार्य किया जाएगा। उपार्जन कार्य सप्ताह में 05 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा।

कृषक को कृषक तौल पर्ची सायंकाल 6:00 बजे तक जारी की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जिले में उपार्जन केन्द्र संचालन करने वाली उपार्जन समिति/संस्थाएं उपार्जन केन्द्र संचालन हेतु आवश्यक भौतिक सुविधाएं एवं मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केन्द्र के प्रबंधक, प्रभारी, ऑपरेटर गेहूं उपार्जन का कार्य ऑनलाईन मोड में ही करेंगे, किसी भी परिस्थिति में गेहूं का ऑफलाईन मोड में उपार्जन कार्य नही करेंगे।